RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 18 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 114 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## डोंगरी पुलिस ने 47 लाख के ड्रग्स के साथ पिस्टल कारतूस तलवार

## चाकू साहित 1 स्थानीय 1 नाइजीरियाई को गिरफ्तार किया



**मुंबई :** डोंगरी पुलिस को खबर मिलने पर डोंगरी चिंच बंदर अशरफी मंजिल से एक स्थानीय शक्स को पकड़ा जिसके पास से पांसों ग्राम एमडी कीमत तीस लाख रुपये, अस्सी ग्राम चरस कीमत चार लाख रुपये, एक गावती कट्टा, एक एयर पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, बारा पैकेट आयरन बॉल (बॉल बैरिंग), एक तलवार, एक चाकू के साथ इलेक्ट्रॉनिक स्केल, छब्बीस मोबाइल, तीन सैमसंग टैब, एक मैकबुक, एक एचपी लैपटॉप, नकद साडेतीन लाख रुपये जब्त किया गया । डोंगरी पुलिस ने मीरा रोड से एक नाइजीरियाई को गिरफ्तार किया जिसके पास से दोसो ग्राम एमडी और पनरह ग्राम कोकीन ड्रग्स बरामद हुआ जिसकी कुल कीमत एक लाख बिस हजार है । डोंगरी पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट और दूसरे सेक्शन के तहत मामला दर्ज किया.

# देवेंद्र फडणवीस का शरद पवार पर पलटवार

# भय अभी भी बरकरार है...



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनके बीच ऐसा मेल है, जिसे अपनी कार्यशैली के कारण कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार की टिप्पणी पर भी कटाक्ष किया। पवार ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दावा कि वह अगले साल (स्वतंत्रता दिवस पर) लाल किले पर तिरंगा फहराने के लिए वापस आएंगे, फडणवीस से प्रेरित था, जो 2019 के विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान नियमित रूप से कहा करते थे कि वह (फडणवीस) वापस आएंगे। भाजपा नेता फडणवीस ने दावा किया कि प्रधानमंत्री अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे क्योंकि पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है और वह देश के नागरिकों के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। शिरडी में 'सरकार आपके द्वारकार्यक्रम को संबोधित करते हुए, फडणवीस ने कहा, हम तीन एक साथ आए हैं। आप शिंदे जी की कार्यशैली के बारे में जानते हैं और आप मेरे और अजित दादा के बारे में भी जानते हैं। हम तीनों का ऐसा मेल है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। शरद पवार का नाम लिए बिना फडणवीस ने पलटवार करते हुए कहा, पिछली बार, मैंने कहा था मैं वापस आऊंगा और मैं देख सकता हूं कि उस बयान का 'भयअभी भी बरकरार है। कुछ लोग अभी भी भयभीत हैं। मैं उन्हें एक बात बताना चाहूंगा कि जब मैंने ये कहा कि 'मैं वापस आऊंगा, तो लोग वास्तव में मुझे वापस ले आए लेकिन कुछलोगों ने हमें धोखा दिया। एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विभाजन के स्पष्ट संदर्भ में फडणवीस ने कहा, जिन्होंने हमें धोखा दिया, हम उनकी पार्टी को अपने साथ ले आए।

## मलाड पश्चिम के मालवणी इलाके में गुस्साए किशोरों ने अभिनेत्री सई ताम्हणकर के ड्राइवर की पिटाई की




**मलाड :** मलाड पश्चिम के मालवणी इलाके में कम से कम चार किशोर लड़कों ने कथित तौर पर मराठी अभिनेत्री और होस्टेस सई ताम्हणकर के ड्राइवर की पिटाई कर दी। पुलिस ने यहां बुधवार को यह जानकारी दी। मालवणी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक चिमाजी अधव ने आईएएनएस को बताया, ''चारों नाबालिगों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पुलिस स्टेशन बुलाया गया है। हमने मामले में उनके परिवारों को नोटिस भेजा है... अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार देर रात की है, जब 32 वर्षीय ड्राइवर सद्दाम मंडल सई ताम्हणकर को उनके घर छोड़ने के बाद अपने घर जा रहा था। रास्ते में उसने देखा कि चार किशोर अपनी मोटरसाइकिलों पर सड़क पर टेढ़े-मेढ़े तरीके से स्टंट कर रहे थे और खुद के लिए और अन्य वाहनों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे।

# नवी मुंबई के सानपाड़ा में नाबालिग बेटी से बलात्कार... व्यक्ति को गिरफ्तार

**नवी मुंबई:** 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने 24 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी पीड़िता को नवी मुंबई के सानपाड़ा में एक स्थानीय लॉज में ले गया, जहां उसने उसके साथ



बलात्कार किया। पीड़िता के पिता ने मंगलवार शाम पुलिस से संपर्क किया और पूरी घटना बताई। उन्होंने बताया कि आरोपी दिनदयाल लक्ष्मण प्रसाद चौधरी चेंबूर स्थित उनकी मोबाइल दुकान में सहायक के रूप में काम करता था।पीड़िता के पिता के मुताबिक, पुलिस को दिए अपने बयान में उन्होंने कहा कि दिनदयाल कई सालों से उनकी मोबाइल शॉप पर काम कर रहा है और उसके व्यवहार को देखते हुए किसी ने सोचा भी नहीं था कि वह उसकी पीठ पीछे ऐसा कुछ कर सकता है.

पुलिस ने मंगलवार रात आरोपी को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, एक नाबालिग को उसके माता-पिता या अभिभावकों की सहमति के बिना जांच की अनुमति देने के लिए सानपाडा में लॉज के मालिक से पूछताछ की जा रही है। ''या तो लॉज के मालिक/प्रबंधक ने उसके पैन कार्ड या आधार कार्ड की जांच करके उसकी उम्र सत्यापित करने की जहमत नहीं उठाई, या उसने (आरोपी) संभवतः आधार कार्ड का एक संपादित संस्करण प्रदर्शित किया जो कि अधिक सामान्य है। हम तथ्यों की पुष्टि के लिए लॉज मालिक से पूछताछ कर रहे हैं। अगर हम पाते हैं कि उन्होंने लड़की को अंदर जाने देने से पहले उसकी उम्र की जांच नहीं की, तो उन्हें मानदंडों के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किया जाएगा, ''एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा।

### कैसे आरोपी ने पीड़िता को अपने जाल में फंसाया

पुलिस के मुताबिक, पहले तो दिनदयाल ने नाबालिग लड़की से बहुत ही दोस्ताना तरीके से संपर्क किया। धीरे-धीरे, जब पीड़िता के पिता काम के सिलसिले में अपनी दुकान और घर से दूर होते थे, तो आरोपी लड़की के घर जाता था और उसे उसके साथ संबंध बनाने के लिए मनाता था क्योंकि वह उससे ''प्यार'' करता था। पुलिस को दिए गए लड़की के बयान के अनुसार, 14 अप्रैल को, दिनदयाल उसके घर आया था जब वह अकेली थी, जब उसने अपने प्यार का इजहार किया, उसे चूमा और फिर उसे गलत तरीके से छुआ। ''उसने प्यार का झांसा देकर उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया, पीड़िता के मना करने के बावजूद उसे गलत तरीके से छुआ,'' एक पुलिस अधिकारी ने कहा। पीड़िता के पिता को पता चला कि कैसे दिनदयाल उनकी बेटी को सानपाड़ा के एक लॉज में ले गया जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ बार-बार बलात्कार किया।

## भायंदर पश्चिम में चोरो का आतंक ... वचमैन ने डंडे से किया तलवार वाले चोर से मुकाबला



**भायंदर :** भायंदर पुलिस में दो ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं जो रात के अंधेरे में बंद दुकानों के शटर तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थें गिरफ्तार चोरो ने 10 अगस्त की रात को भायंदर पश्चिम में मिठाई ,राशन ,दवाई की दुकान और मंदिर में चोरी वारदात को अंजाम दिया था' चोरी की घटना के दौरान एक जगह से रात के पहरा दे रहे वचमैन ने चोरों का मुकाबला करते हुए इन्हें डंडे से भगाया था उसके बावजूद ये शातिर चोर रात भर बे खौफ होकर चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो गए थे` भायंदर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों में कैद चोरों के विसवल की मदद से इनकी पहचान कर इन्हें गिरफ्तार करने में कामयाब हुई हैं` भायंदर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मुंगटराव पाटिल की मानें तो चोरों का एक और गैंग की पहचान उन्होंने कर ली हैं जल्द ही वे चोर भी सलाखों के पीछे होंगे

# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना...

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण जैसी कुरीतियां देश को खोखला कर रही हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो इन बुराइयों को जड़ से उखाड़ना ही होगा। देखा जाए तो देश की सारी समस्याओं की जड़ भ्रष्टाचार है। अच्छी बात है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए मोदी सरकार हर उस व्यक्ति और संस्था के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जो भ्रष्टाचार के दीमक से देश को खोखला करने में जुटे हैं। मोदी सरकार 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत' बनाने के लिए न सिर्फ भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कस रही है, बल्कि अन्य रिश्वतखोर अधिकारियों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई कर रही है। सरकार ने लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में रोड़ा बने ऐसे कई भ्रष्ट अफसरों को जबरन रिटायरमेंट देकर नौकरी से बेदखल तो किया ही है, साथ की कई भ्रष्ट आइएएस और आइपीएस अफसरों तक को जेल में पहुंचाया है।

कांग्रेस की अगुआई वाली पिछली यूपीए सरकार में कई घोटाले हुए। उनमें से एक कोयला ब्लाक आवंटन घोटाला भी था। मोदी सरकार के कार्यकाल में कार्रवाई की स्वतंत्रता मिली तो सीबीआइ ने कोयला घोटाले की पड़ताल की और दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता समेत तीन अधिकारियों को तीन साल की सजा सुनाई। अदालत ने जिन दो अन्य अधिकारियों को सजा सुनाई, उनमें कोयला मंत्रालय के तत्कालीन संयुक्त सचिव केएस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक केसी सामरिया शामिल हैं। अदालत ने अन्य दोषी व्यक्तियों विकास मेटल्स एंड पावर लिमिटेड (वीएमपीएल) के एमडी विकास पाटनी और इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आनंद मलिक को चार साल की जेल की सजा सुनाई। सीबीआइ ने यूपीए-एक और यूपीए-दो के शासनकाल में कोयला ब्लाक आवंटन के 40 मामलों में अनियमितता के सिलसिले में आरोपपत्र दायर किया था। यह तो सिर्फ एक बानगी है। पिछले नौ साल में प्रशासनिक तंत्र के भ्रष्ट तत्वों के खिलाफ कार्रवाई इसलिए अंजाम तक पहुंच पा रही है, क्योंकि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से जांच एजेंसियों को ऐसे अधिकारियों के खिलाफ ग्रीन सिग्नल मिला हुआ है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के एक कार्यक्रम में कहा था कि 'भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे सभी संगठन और एजेंसियों को रक्षात्मक होने की कोई जरूरत नहीं है। अगर देश की भलाई के लिए काम करते हैं तो अपराधबोध में जीने की आवश्यकता नहीं। देश के सामान्य जन के समक्ष जो मुसीबतें आ रही हैं, उन्हें उनसे मुक्ति दिलाना ही हमारा काम है।'

मोदी सरकार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ नया आनलाइन सिस्टम भी लागू कर चुकी है। इससे भ्रष्ट नौकरशाहों के खिलाफ कार्रवाई में ज्यादा तेजी आई है। पीएम मोदी ने एक बार साफ शब्दों में कहा था कि ''जो भ्रष्टाचार उन्मूलन के हमारे प्रयासों में बाधा बनते हैं, वे अपना बैग पैक कर लें, क्योंकि देश को ऐसे अफसरों की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है।'' प्रधानमंत्री का यह सोच जांच एजेंसियों के लिए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में उत्प्रेरक का काम कर रहा है। यही वजह है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भ्रष्टाचारियों को कहीं भी बख्श नहीं रही हैं।

यूपीए सरकार के समय सीबीआइ के हाथ किस कदर बांध दिए गए थे, इसका अंदाजा सर्वोच्च अदालत द्वारा की गई इस टिप्पणी से लगता है कि 'सीबीआइ तो पिंजरे में बंद ऐसा तोता बन गई है, जो अपने मालिक की बोली बोलता है।' दूसरी ओर मोदी सरकार में इससे ठीक उलट स्थिति है। मोदी सरकार के दोनों कार्यकाल के दौरान ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनमें सीबीआइ और ईडी की टीमों ने भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पहले कार्यकाल की बात करें तो फरवरी 2017 में छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी बीएल अग्रवाल को सीबीआइ ने अनुचित लाभ लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। पिछले साल अगस्त में ईडी की टीम ने कोयला तस्करी मामले में बंगाल के आठ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिल्ली तलब किया।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# वृद्धा की हत्या करने वाला आरोपी गोरेगांव से गिरफ्तार...

## नवी मुंबई पुलिस की महिला कॉन्स्टेबल लापता



**ठाणे** : महाराष्ट्र पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को एक वृद्ध महिला की मौत के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने आरोपी को गोरेगांव से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना तारदेओ इलाके के काशीनाथ स्ट्रीट स्थित यूसुफ मंजिल के तीसरी मंजिल की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुमित ततवाल मृतक सुरेखा अग्रवाल (70) के पति की नकली आभूषण की दुकान पर काम करता था। शिकायतकर्ता मदन अग्रवाल (75) ने बताया कि रविवार सुबह 6.30 बजे तीन आरोपी घर में घुसे। उन्होंने मदन के हाथ-पैर और मुहं बांध दिए। इसके बाद आरोपी अंदर के कमरे में गए और उन्होंने सुरेखा के हाथ-पैर और मुंह भी बांध दिए। उन्होंने पूरे घर में चोरी की और वहां से भाग गए। इस दौरान दम घुटने से महिला की मौत हो गई।

**महाराष्ट्र में महिला कांस्टेबल लापता**

ठाणे जिले के कल्याण में रहने वाली एक महिला कॉन्स्टेबल लापता हो गई। पुलिस ने बताया कि वह नवी मुंबई पुलिस में तैनात है। कांस्टेबल के परिजनों ने बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह पिछले दो दिनों से लापता थी। दो दिन पहले वह घर से निकली थी, जिसके बाद से वह घर ही नहीं पहुंची। उसे काफी ढूंढा गया लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस का कहना है कि महिला कॉन्स्टेबल के अलावा एक पुरुष कॉन्स्टेबल भी लापता है।

## लड़की की चाकू मारकर हत्या

ठाणे जिले के कल्याण में 12 साल की किशोरी की मौत हो गई। किशोरी पर उसके घर के पास ही एक युवक ने कई बार चाकू से हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना शाम साढ़े सात बजे की है। आरोपी की पहचान आदित्य कांबले (20) के रूप में हुई। मृतक अपनी मां के साथ अपने घर जा रही थी। पहले तो आदित्य ने उसे सीढ़ियों पर रोकने की कोशिश की फिर उस पर चाकू से कई वार किये। मौत के बाद जैसे ही आरोपी वहां से भागा वैसे ही आसपास के लोगों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अबतक हत्या का कारण सामने नहीं आ पाया है।

## ट्रांसजेंडरों को लेकर नागपुर पुलिस का प्रतिबंध

नागपुर शहर में पुलिस अधिकारियों ने ट्रांसजेंडरों को लोगों से भिक्षा मांगने के लिए सार्वजनिक स्थानों, घरों, शादी समारोहों और अन्य कार्यक्रमों में जाने पर रोक लगाने का आदेश फिर से जारी किया है। बुधवार को पुलिस ने यह जानकारी दी है। आदेश पहले जनवरी में जारी किये गए थे। शहर को पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा कि इनके मांगने के कारण मोटर चालकों के साथ-साथ राहगीरों को परेशानी होती थी। आदेश का उल्लंघन करने पर एक महीने से छह महीने की जेल की सजा हो सकती है।

## उपेक्षित है यात्री प्रतीक्षालय



**ठाणे** : रेल्वे विभाग हमेशा यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ नया करने का प्रयास करता है, लेकिन अधिकारियों या कर्मचारियों की निष्क्रियता के कारण इन सुविधाओं से लोग वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही कुछ देखने को मिला सर्वाधिक भीड़-भाड़ वाले उपनगरीय रेल्वे स्टेशन के रूप में चर्चित ठाणे में, जहां प्लेटफॉर्म नंबर-२ पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय बनाया गया, जिसका उद्घाटन पिछले महीने २३ जुलाई को सांसद राजन विचारे के हाथों किया गया। लेकिन इसका लोग इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं और यह खाली रहता है। मैंने देखा है कि कई बार रेलवे पुलिस वाले इस प्रतीक्षालय में बैठे लोगों को बाहर निकाल देते हैं। इस वजह से यह खाली रहता है। मेरा सवाल है कि इतना खर्च करके बनाए गए इस प्रतीक्षालय का इस्तेमाल नहीं होगा तो इसे बनाकर क्या फायदा? लोग इस प्रतीक्षालय के बनने का काफी समय से इंतजार कर रहे थे। ठाणे में फास्ट और स्लो लोकल के अलावा लंबी दूरी की गाड़ियां भी रुकती हैं। ठाणे से भारी संख्या में लोग लंबी दूरी की ट्रेन में सफर करते हैं। कई बार ट्रेन आने मे देरी हो जाती है, ऐसे समय में लोग प्लॅटफॉर्म पर ही बैठे रहते थे, जिस वजह से यहां भीड़ बढ़ जाती थी। इसी के मद्देनजर प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया। लेकिन रेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की निष्क्रियता के कारण लोग इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

## ठाणे में धोखाधड़ी के आरोप में ट्रेडिंग फर्म के दो मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज




**ठाणे** : ठाणे पुलिस ने एक रसायन आपूर्तिकर्ता से 18.08 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक ट्रेडिंग फर्म के मालिक दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के ठाणे शहर के नौपाडा थाने के एक अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि पीड़ित की कंपनी ने जनवरी और जून 2020 के बीच आरोपियों की कंपनी को रसायनों की आपूर्ति की, लेकिन वे कथित तौर पर भुगतान करने में विफल रहे।

शिकायत में कहा गया है कि बाद में आरोपियों ने एक चेक जारी किया जो बाउंस हो गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि जब पीड़ित ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग में शिकायत दर्ज कराने की चेतावनी दी, तो आरोपियों ने जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में उनका पता नहीं चला। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार, पीड़ित से 18,08,45,931 रुपये की धोखाधड़ी की गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी जयप्रकाश यादव और कुसुम यादव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 34 (समान मंशा से कई व्यक्तियों द्वारा किया गया कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।




# साली को सबक सिखाने के लिए की आठ वर्षीय फ्रांसिला की हत्या




**मुंबई:** एरोली में रहने वाली आठ वर्षीय बच्ची फ्रांसिला २९ जून २०१५ को शाम के समय स्कूल बस से उतरकर अपनी बिल्डिंग में प्रवेश करने ही वाली थी कि पास खड़ी लाल कार से उसे उसके मौसा ने आवाज दी। अपने मौसा क्लेरेंस को आया हुआ देख फ्रांसिला कार के पास गई। मौसा ने उससे कहा कि तेरी मां मीरा रोड मेरे घर पर है तू भी चल। इसके बाद फ्रांसिला मौसा के साथ चली गई। दूर खड़ा एक युवक यह सब देख रहा था। करीब घंटे भर बाद भी जब फ्रांसिला घर नहीं आई तो मां को चिंता हुई। आसपास सब जगह तलाश की गई, लेकिन फ्रांसिला का कुछ पता नहीं चला। थककर कर परिवार वालों ने रबाले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अदालत का आदेश है कि १० साल से कम उम्र के बच्चे अगर लापता होते हैं तो पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश करे। लिहाजा, रबाले पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्कालीन पुलिस आयुक्त प्रभात रंजन को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस की ११ अलग-अलग टीमें बनाई गईं और फ्रांसिला की तलाश में जुट गई। घरवालों ने फ्रांसिला की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की साथ ही जगह-जगह पोस्टर लगाकर खोजने वाले को इनाम देने का एलान भी किया।

फ्रांसिला की तलाश में उसका मौसा भी उसी तरह जुटा रहा, जिस तरह परिवार के दूसरे लोग लगे थे। इस बीच पुलिस भी अपना काम करती रही। फ्रांसिला को सिल्वर रंग की कार में जाते हुए देखने वाले लड़के से भी पूछताछ हुई। फिर आसपास की सीसीटीवी तस्वीरें भी खंगाली गईं। पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज में मुलुंड टोल नाके पर लगभग शाम को ६ बजे सिल्वर रंग की कार में फ्रांसिला के साथ एक आदमी दिखाई दिया। इस कार में फ्रांसिला आगे की सीट पर बैठी थी जबकि कार चलाने वाला व्यक्ति उसके मौसा क्लेरेंस की तरह दिखाई दे रहा था।

इस पर पुलिस को संदेह हुआ कि अपहरणकर्ता शायद उसका मौसा हो सकता है। जांच में पुलिस को जब यकीन हो गया कि फ्रांसिला को अगवा करने वाला कोई और नहीं खुद उसका मौसा क्लेरेंस ही है, तब उसे हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में मौसा ने पुलिस को बताया कि फ्रांसिला को अगवा करने के बाद वह उसे घोडबंदर रोड ले गया। वहां गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और शव को झाड़ियों मे फेंक दिया। बाद में अपने घर गया और फिर फ्रांसिला की तलाश में उसके परिवार के साथ जुट गया, ताकि उस पर कोई शक न करे। पुलिस ने मौके पर जाकर बच्ची का शव बरामद किया।

# शख्स ने मां के सामने ही 12 साल की बच्ची को उतारा मौत के घाट, चाकू से किए कई वार



**मुंबई:** महाराष्ट्र में आये दिन अपराध बढ़ते ही जा रहे है। ऐसे में अब मुंबई के कल्याण इलाके से एक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल यहां एक 12 साल की बच्ची की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हैरान करने वाली बात यह भी है कि एकतरफा प्यार में सिरफिरे आशिक ने बच्ची को उसके मां के सामने ही मौत के घाट उतार। मिली जानकारी के मुताबिक, लड़की की तरफ से बार-बार युवक द्वारा भेजे जा रहे प्रेम प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा था। रिजेक्शन के बाद भी युवक पीछे नहीं हटा। जब मृतका नहीं मानीं तो धारदार चाकू से गोदकर मां के सामने ही उसकी हत्या कर दी गई। जानकारी के लिए आपको बता दें कि आरोपी युवक को मौके से ही पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक हत्यारे के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। ऐसे में अब इस दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बताया जा रहा है कि कुल 10 बार मृतका पर चाकू से वार किया गया। फिर इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद वो मौके से फरार होने की फिराक में था, हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक मृतका अपनी मां के साथ कहीं जा रही थी। तभी आरोपी उसके सामने आ धमका।

# शादी का झांसा देकर महिला से बलात्कार के आरोपी अभिनेता को कोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार



**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने महिला से शादी का वादा करके उससे शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी एक उदीयमान अभिनेता को जमानत देने से इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीकांत भोसले ने 11 अगस्त को अभिनेता को जमानत देने से इनकार कर दिया। विस्तृत आदेश बुधवार को उपलब्ध हो पाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़ित महिला ने 10 जून को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि वह 2021 में आरोपी से मिली और उन्हें प्यार हो गया। अक्टूबर 2021 में उपनगरीय अंधेरी निवासी अभिनेता ने महिला से उसके आवास पर शारीरिक संबंध बनाया। उनका रिश्ता जारी रहा और महिला गर्भवती हो गई। हालांकि, जुलाई 2022 में गर्भपात हो गया।

अभियोजन के मुताबिक नवंबर 2022 में महिला एक बार फिर गर्भवती हो गई, जिसके बाद आरोपी उससे बचने लगा। हालांकि, अप्रैल 2023 में आरोपी महिला से मिला और कार में घूमाने ले गया। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपी ने कथित तौर पर महिला के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। अभियोजन पक्ष ने कहा कि महिला के मुताबिक, आरोपी बच्चा नहीं चाहता था। इसके बाद महिला ने शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि आरोपी ने उससे शादी करने का वादा किया था, लेकिन उसे धोखा दिया गया।

आरोपी को 23 जून को गिरफ्तार किया गया था और तब से वह न्यायिक हिरासत में है। अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद दस्तावेजों पर गौर करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता दो मौकों पर आरोपी से गर्भवती हुई, जिससे प्रथम दृष्टया पता चलता है कि शारीरिक संबंध सहमति से था, लेकिन यह केवल शादी के वादे के कारण था। अदालत ने कहा, ''आगे आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया जब उसे पता चला कि महिला दूसरी बार गर्भवती हुई है।अदालत ने कहा कि इस प्रकार यह मानने का कारण है कि आरोपी ने कथित अपराध किया है। अदालत ने कहा कि इस पृष्ठभूमि में आरोपी को जमानत पर रिहा करना उचित नहीं है खासकर जब जांच जारी हो।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण 543 लोगों की मौत !




**मुंबई :** पिछले छह वर्षों में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण ५४३ लोगों की मौत हो गई है, जबकि राजमार्ग पर लगे बोर्ड पर साफ-साफ लिखा होता है कि 'तेज गति का नशा जीवन के लिए खतरनाक', लेकिन यह लोगों द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। निरीक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि इनमें से अधिकतर दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती हैं। विधानमंडल के मानसून सत्र की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं के आंकड़े और कारण विश्लेषण तैयार किए गए हैं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर पिछला डेटा सामने आ गया है।

इस एक्सप्रेसवे पर अक्सर दरारें पड़ती रहती हैं। मानसून के दौरान बोरघाट में भूस्खलन को रोकने के उपाय सुझाए गए। इसके अलावा अमृतांजन पुल, खंडाला सुरंग, अदोशी सुरंग, भाटन सुरंग, उर्से पास पर तीन किमी क्षेत्र भूस्खलन के प्रति संवेदनशील हैं। लेकिन उसके लिए हाई टेंसिल मेश, रॉक बोल्टिंग, रॉ कफ बैरियर लगाने का काम पूरा हो चुका है।

दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को पूरा करने और दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता प्रदान करने के लिए एक्सप्रेसवे पर खालापुर टोल, कुसगांव और तलेगांव टोल पर चार त्वरित प्रतिक्रिया वाहन (क्यूआरवी) तैनात किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना पीड़ितों के लिए मदद पाने का समय दस मिनट है और अधिकतम प्रतिक्रिया समय बीस मिनट है।

इस रिपोर्ट में दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डाला गया है। तदनुसार, यह बताया गया है कि ८० प्रतिशत दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती हैं और २० प्रतिशत दुर्घटनाएं वाहनों में तकनीकी गड़बड़ी के कारण होती हैं। मानवीय भूल के प्रमुख कारण एक्सप्रेसवे पर यातायात नियमों का पालन न करना, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, तेज गति से वाहन चलाना, जिससे पीछे चल रहे वाहनों से टकराना, वाहन से नियंत्रण खोना, वाहन पलटने के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हुई हैं।



# ‘टेस्ट ट्यूब मच्छरों’ के जरिए मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी के खात्मे की तैयारी



**मुंबई :** बरसात के मौसम में कई बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन बीमारियों में विशेषकर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया हैं। ये बीमारियां मच्छरों की वजह से फैलती हैं। सरकार द्वारा इन बीमारियों से बचने के तमाम उपाय किए जाते हैं। मच्छर पैदा न हों इसके लिए जगह-जगह पर जागरूकता फैलाने के साथ छिड़काव किए जाते हैं। अब इन मच्छरों से छुटकारा मिलने वाला है। इन मच्छरों की सुपारी ‘मच्छर’ ही लेंगे। दरअसल, ब्रिटेन की एक लैब में टेस्ट ट्यूब मच्छरों’ के जरिए मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी के खात्मे की तैयारी हो रही है। ब्रिटेन की बायोटेक कंपनी ऑक्सीटेक ने एक ‘सुपर मच्छर’ तैयार किया है, जो बीमारी फैलाने वाले मच्छरों को टक्कर दे सकता है। मिली जानकारी के अनुसार, ऑक्सीटेक ने जिन मच्छरों को तैयार किया है, वो सभी नर हैं। इन मच्छरों की खासियत यह है कि इनमें एक खास तरह का जीन मौजूद है, जो मादा मच्छरों को ज्यादा दिनों तक जिंदा रहने से रोकता है। जब सुपर नर मच्छर मादा मच्छरों के साथ संबंध बनाते हैं तो जीन उनमें ट्रांसफर हो जाते हैं, इससे मादा मच्छरों की मौत हो जाती है। इंसानों को सिर्फ मादा मच्छर ही काटती हैं। इनकी वजह से ही मलेरिया होता है, जबकि नर मच्छर न तो इंसानी खून पीते हैं और न ही मलेरिया फैलाते हैं।

# बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र में पति की जगह लिव इन पार्टनर का हो नाम...

## अदालत ने एनएमएमसी को जारी किया नोटिस

**मुंबईः** बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र में बायोलॉजिकल पिता का नाम दर्ज करवाने के लिए महिला ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। महिला शादी के एक साल बाद अपने पति से अलग हो गई थी और अपने पुरुष मित्र के साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगी थी। इसी दौरान वह गर्भवती हुई। जब वह लिव इन रिलेशनशिप में थी, कानूनी रूप से उसकी शादी अस्तित्व में थी। प्रसव के लिए महिला नवी मुंबई के अस्पताल में भर्ती हुई। इस दौरान गलती से बच्चे के जन्म प्रमाण-पत्र में महिला के पूर्व पति का नाम दर्ज हो गया है, जबकि बच्चे का बायोलॉजिकल पिता उसका लिव इन पार्टनर है। चूंकि महिला का पति से तलाक हो चुका है, इसलिए उसे अपने बच्चे के बायोलॉजिकल पिता का नाम जन्म प्रमाणपत्र में रखना है।





**एनएमएमसी के निर्णय को चुनौती**


बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र की इस गलती को सुधारने की मांग को लेकर महिला ने नवी मुंबई महानगर पालिका (एनएमएमसी) के पास अर्जी की थी, मगर महानगरपालिका के अधिकारी ने कहा कि कानून में पिता का नाम बदलने का प्रावधान नहीं है। अधिकारी के इस जवाब के बाद महिला ने वाशी मैजिस्ट्रेट कोर्ट में आवेदन किया। वहां से भी उसे कोई राहत नहीं मिली। इसलिए अब महिला ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में महिला ने कहा है कि वह चाहती है कि जन्मप्रमाण में बच्चे के असली पिता का नाम दर्ज किया जाए। 8 अगस्त 2023 को जस्टिस एसबी शुक्रे व जस्टिस राजेश पाटिल की बेंच के सामने याचिका पर सुनवाई हुई। बेंच ने सुनवाई के बाद महानगर पालिका और वहां के सहायक आयुक्त को नोटिस जारी किया। बेंच ने 7 सितंबर को इस याचिका पर अगली सुनवाई रखी है।

**मांग के लिए रउ के फैसले को बनाया आधार**

याचिका में महिला ने अपनी मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से साल 2011 में दिए गए एक फैसले को आधार बनाया है। याचिका में दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि यदि कोई एकल माता-पिता अथवा अविवाहित उसके गर्भ से पैदा हुए बच्चे के लिए जन्म प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आवेदन करती है, तो अधिकारी आवेदनकर्ता से हलफनामा लेकर जन्म प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं।

# हुस्न के जाल मे फंसाती...

## फिर वीडियो कॉल पर बिकनी दिखाकर घर बुलाती थी, मॉडल गिरफ्तार



**मुंबई :** पुलिस ने बताया कि मॉडल के साथ एक बड़ा गिरोह काम करता था। यह गिरोह लोगों को अपने जाल में फंसाकर इस्लाम कबूल कराने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलता था। गिरफ्तार मॉडल नेहा उर्फ मेहर इस गिरोह की मुख्य आरोपी थी, जो युवाओं को पहले अपने हुस्न के जाल मे फंसाती, फिर वीडियो कॉल पर बिकनी दिखाकर उन्हें घर बुलाती थी। युवा के वहां जाने के पर उससे शादी के लिए इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाती थी। घर पर छुप कर बैठे गिरोह के सदस्य पीड़ित युवक का मोबाइल फोन ले लेते थे और उसमें सभी फोन नंबर लिख लेते थे। साथ ही पीड़ित से पैसों की मांग करते। भुगतान नहीं करने पर सभी फोन नंबरों पर निजी वीडियो और फोटो भेजने की धमकी देते थे। गिरोह के सदस्य पीड़ित से मॉडल के साथ शादी कराने का दबाव डालते थे।

इस बात पर जोर दिया जाता था कि उससे शादी करने के लिए इस्लाम कबूल करना होगा और खतना भी कराना होगा। इससे पीड़ित घबरा जाता और आरोपियों को मोटी रकम दे देता था। आखिर एक पीड़ित द्वारा साहस जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद गिरोह की पोल खुल गई। जिसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए मॉडल सहित गिरोह से जुड़े अब्दुल कादर, यासीन और शरणा प्रकाश बालिगेरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार मॉडल नेहा उर्फ मेहर टेलीग्राम के जरिए बंगलुरु में २० से ५० साल की उम्र के लोगों के संपर्क में थी। इसके साथ ही लगभग १५ से २० लोगों का ग्रुप है, जो इसमें कार्य करता था। मॉडल नेहा इन युवाओं से पहले संपर्क करती, उसके बाद वीडियो कॉल के जरिए अपना बदन दिखाती थी। इतना ही नहीं बिकनी दिखाकर उन्हें अपने घर पर शारीरिक संबंध बनाने का लालच देकर बुलाती थी। घर पहुंचने के बाद नेहा बिकनी पहन कर उन्हें अंदर ले जाती और अंदर जाते ही पहले से तैयार बैठे गैंग के सदस्य अंदर घुस जाते और निजी पलों को वैष्टमरे में वैष्टकर लेते थे।

# ‘हम सत्ता में जा सकते हैं लेकिन जेल...’

## अजित पवार पर जमकर बरसे राज ठाकरे, लगाए ये आरोप

**मुंबई :** पिछले महीने एनसीपी पार्टी में बड़ी टूट हुई थी. पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार कई विधायकों के साथ महागठबंधन में शामिल हुए थे. अजित पवार और उनके समूह ने एनसीपी होने का दावा करते हुए राज्य सरकार में भाग लिया. तो फिर आपने बीजेपी से हाथ क्यों मिलाया? आपने शरद पवार से बगावत क्यों की? इस तरह के सवाल लगातार अजित पवार और उनके विधायकों से पूछे जाते रहे. अजित पवार गुट ने हर बार यही कहा है कि ‘हम महाराष्ट्र का विकास करने के लिए सत्ता में आए हैं.’ अजित पवार और उनके विधायकों के इस बयान को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने अजित पवार गुट पर हमला बोला है.

**राज ठाकरे ने कही ये बात**



राज ठाकरे पनवेल के वासुदेव बलवंत फड़के सभागार में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित मुंबई गोवा राजमार्ग के लिए संकल्प बैठक में बोल रहे थे. इस मौके पर मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने बीजेपी के साथ-साथ एनसीपी के अजित पवार गुट की भी जमकर आलोचना की. साथ ही राज ठाकरे ने अजित पवार की नकल भी उतारी.

मुंबई-गोवा हाईवे कई सालों से रुका हुआ है. इस दौरान समृद्धि हाईवे को यातायात के लिए खोल दिया गया, हालांकि मुंबई-गोवा हाईवे का काम आधा भी नहीं हुआ था. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना लगातार मुंबई- गोवा हाइवे को लेकर आवाज उठाती रही है. अब मनसे ने इस हाईवे के लिए आंदोलन का आ’’ान किया है. मुंबई गोवा हाइवे की मांग को लेकर मनसे ने संकल्प सभा का आयोजन किया.

### छगन भुजबल पर साधा निशाना

राज ठाकरे ने कहा, अजित पवार से पूछा गया कि वह इस सरकार में क्यों आए? इस पर उन्होंने कहा, ‘‘हम महाराष्ट्र का विकास करने आए हैं.’’ ठाकरे ने पूछा, ‘तुम झूठ क्यों बोल रहे हो? 6 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, महाराष्ट्र में 70 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है. फिर ये सभी लोग यहां (बीजेपी के साथ) आ गए.’ क्योंकि, छगन भुजबल ने कहा होगा कि जेल के अंदर क्या है. उन्होंने कहा होगा कि हम यहां (सत्ता में) जा सकते हैं लेकिन वहां (जेल में) नहीं.’

# पांच दिन के जापान दौरे पर जाएंगे फडणवीस

## जापानी सरकार के स्टेट गेस्ट बनकर जाएंगे...



**मुंबई :** राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 20 अगस्त से जापान के पांच दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं। वे अपना जापान का दौरा स्टेट गेस्ट के रूप में करेंगे। इसके पहले वर्ष 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को जापान यात्रा के दौरान स्टेट गेस्ट का दर्जा दिया गया था। अपने जापान दौरे पर फडणवीस वहां के उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे और उन्हें महाराष्ट्र में निवेश करने को प्रोत्साहित करेंगे। उनके जापानी प्रधान मंत्री फूमियो किशिदा से भी मुलाकात होने की संभावना है। इसके अलावा उनकी जापानी वित्त, व्यापार, विदेश और पर्यटन मंत्री से भी मुलाकात होगी। उपमुख्यमंत्री की यात्रा में उनके साथ भारत के उद्योग विभाग और एमएमआरडीए के अधिकारी भी होंगे। मिली जानकारी के अनुसार फडणवीस सोनी, सुमोटोमो और एनटीटी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। वे जापानी बुलेट ट्रेन और टोक्यो मेट्रो का भी दौरा करेंगे।

**कैबिनेट बैठक 18 को**

उपमुख्यमंत्री के जापान दौरे की वजह से इस सप्ताह कैबिनेट की बैठक शुक्रवार 18 अगस्त को होगी। पिछले सप्ताह भी कैबिनेट बैठक नहीं हुई थी।

# नई दिशा देगी इंडिया की बैठक: पटोले

## कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में चर्चा, पदयात्रा, लोकसभा क्षेत्रों की समीक्षा...

**मुंबई :** बुधवार को कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की बैठक को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दो प्रतिनिधि भी मौजूद थे। यह जानकारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने दी है। उन्होंने कहा कि इस बैठक से देश की जनता को अहम दिशा मिलेगी, जिससे पूरी राजनीतिक तस्वीर बदल जाएगी। कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक एमसीए क्लब में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले , पूर्व मुख्यमंत्री अशोकराव चव्हाण, सुशील कुमार शिंदे, तेलंगाना प्रभारी माणिकराव ठाकरे, विधान परिषद में कांग्रेस पार्टी के नेता सतेज उर्फ



बंटी पाटिल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री नसीम खान, बसवराज पाटिल, विधायक कुणाल पाटिल, पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा, मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे, प्रदेश महासचिव देवानंद पवार, प्रमोद मोरे समेत कई और अन्य नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नाना पटोले ने कहा कि राज्य में 3 सितंबर से महाराष्ट्र कांग्रेस की पदयात्रा शुरू हो रही है।कोर कमेटी की बैठक में इस पदयात्रा की रूपरेखा तय कर ली गई है। इस बैठक में 48 लोकसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किए गए निरीक्षकों की रिपोर्ट पर भी चर्चा हुई। महाराष्ट्र कांग्रेस विचारधारा का राज्य है।राज्य में ऐसी तस्वीर है कि अगर कांग्रेस और सहयोगी दल मिलकर लोकसभा चुनाव लड़े तो 40-45 सीटें जीत सकते हैं। कांग्रेस उसकी तैयारी कर रही है।हमारा लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी को हराना है। ऐसे में जो भी पार्टी भाजपा के खिलाफ लड़ने को तैयार है हम उन्हें अपने साथ लेकर इस मुहिम को आगे बढ़ाएंगे।पटोले ने कहा कि आज किसानों और युवाओं की आत्महत्या बढ़ रही हैं। युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं।कारोबार बंद हैं। पुणे में 218 युवाओं ने आत्महत्या की है।राज्य के अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति है, लेकिन भाजपा की प्रवृत्ति सत्ता से चिपके रहने की है, भले ही लोग मर जाएं, लेकिन उनकी सत्ता बनी रहनी चाहिए।

अजित पवार और शरद पवार की मुलाकात पर बोलते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शरद पवार को लेकर कांग्रेस में कोई भ्रम नहीं है, लेकिन लोगों के मन में भ्रम है। उन्होंने कहा कि शरद पवार बड़े नेता हैं, वह फैसले लेने में सक्षम हैं।हालांकि शरद पवार ने साफ कर दिया है कि वह इंडिया गठबंधन में बने रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष इन सभी स्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं।

# ठाणे में झाड़ियों में मिला नवजात का शव...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार दोपहर झाड़ियों में एक नवजात का शव मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि कल्याण में बाई रुक्मिणीबाई अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क पर पंचायत समिति कार्यालय के सामने राहगीरों ने झाड़ियों में बच्चे का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। अधिकारी ने कहा कि महात्मा फुले चौक पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुंबई में गर्लफ्रेंड को बेरहमी से पीटा, पुलिस से गुजरात से किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बिहार के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो अपनी प्रेमिका द्वारा बलात्कार के प्रयास का विरोध करने पर उस पर बेरहमी से हमला करने के बाद भाग गया था. अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी. आरोपी की पहचान 26 वर्षीय दीपक मालाकार के रूप में हुई है, जो एक फिल्म कास्टिंग निर्देशक और संपादक बताया जा रहा है. उसने 11 अगस्त को वसोर्वा में 18 वर्षीय कॉलेज छात्रा के साथ मारपीट की थी. वारदात को अंजाम देने के बाद उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया और फिर मुंबई से भाग गया. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने उसकी हरकतों पर नजर रखी और आखिरकार जब उसने सप्ताहांत के दौरान सूरत में एटीएम से लेनदेन किया तो उसका सुराग मिला. पुलिस की एक टीम सूरत गई और सोमवार को उसे पकड़ कर मुंबई ले आई. उसने लड़की पर हमले की बात कबूल कर ली और उस पर हत्या के प्रयास और अन्य आरोप लगाए गए. उसे मजिस्ट्रेट



अदालत के समक्ष पेश किया गया. अदालत ने उसे शुक्रवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया.

पीड़िता पर हमला करने के बाद उसने उसे मरने के लिए छोड़ दिया गया. उसकी खोपड़ी में फ्रेक्चर है और सिर तथा चेहरे पर बाहरी घाव हैं. फिल्मी करियर बनाने का सपना पूरा करने के क्रम में वह आरोपी के संपर्क में आई थी. फिलहाल वह एक स्थानीय अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है और धीरे-धीरे चोटों से उबर रही है. मालाकार और लड़की पिछले साल फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आए. कुछ महीने पहले वह शादी का प्रस्ताव लेकर लड़की के माता-पिता से भी मिला था. माता-पिता सहमत हो गए और उसे अपने एक बेडरूम वाले अपार्टमेंट में रहने की अनुमति दे दी. हालांकि लड़की ने स्पष्ट कर दिया कि वह पहले अपनी पढ़ाई पूरी करेगी और फिर शादी करने से पहले बॉलीवुड में कदम रखेगी.

पुलिस ने कहा कि प्रवास के दौरान, वह उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए परेशान करता रहा लेकिन उसने विरोध किया और इनकार कर दिया. मालाकार 12 अगस्त को अपना सामान लेने के बहाने उसे वसोर्वा गांव में अपने पुराने घर में ले गया और वहां उसके साथ बलात्कार की कोशिश की. जब लड़की ने विरोध जारी रखा तो उसने उसका सिर दीवार पर दे मारा और उसके चेहरे पर तब तक हथौड़े से वार करता रहा जब तक कि वह फर्श पर गिर नहीं गई. उसे मरा हुआ समझकर मालाकार ने फ्लैट को बाहर से बंद कर दिया और मुंबई से भाग गया. कुछ समय बाद, लड़की को होश आया तो वह मदद के लिए चिल्लाई. पड़ोसियों ने वसोर्वा पुलिस को घटना की जानकारी दी.

# इन केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी...

## मिलेगी एडवांस सैलरी और पेंशन... बोनस भी होगा जारी

**मुंबई :** सरकार ने कुछ राज्यों के केंद्रीय कर्मचारियों का एडवांस सैलरी और पेंशन की सौगात देने का फैसला किया है. कर्मचारियों को यह तोहफा ओणम और गणेश चतुर्थी को ध्यान में रखकर दिया जा रहा है. एडवांस सैलरी और पेंशन अगस्त महीना समाप्त होने से पहले ही जारी किया जाएगा. केंद्र सरकार ने कहा कि है दो राज्यों में सभी केंद्रीय कर्मचारियों को यह सौगात दी जाएगी. वित्त मंत्रालय की ओर से 14 अगस्त, 2023 को एडवांस सैलरी और पेंशन को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया गया है. वित्त मंत्रालय ने कहा कि अगस्त महीने के लिए केरल के कर्मचारियों का वेतन 25 को जारी किया जाएगा.

वहीं महाराष्ट्र के सभी कर्मचारियों के लिए एडवांस सैलरी, मजदूरी और पेंशन सितंबर के लिए 27 सितंबर को जारी किया



जाएगा. केरल और महाराष्ट्र के कर्मचारियों को एडवांस सैलरी ओणम और गणेश चतुर्थी के मौके पर जारी किया जाएगा. पेंशनर्स को इसका लाभ बैंक या डाकघर के माध्यम से जारी किया जाएगा. वित्त मंत्रालय ने आगे कहा कि केंद्र सरकार के इंडस्ट्रीयल कर्मचारियों की मजदूरी भी इसी माह के दौरान जारी की जाएगी. भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंक से कहा है कि केंद्र सरकार के इस फैसले के तहत कर्मचारियों को जल्द से जल्द भुगतान किया जाए. आरबीआई ने कहा कि आवश्यक कार्रवाई के लिए निदेशों को अमल में लाया जाना चाहिए.




# अटल बिहारी बाजपेयी को भाजपा ने याद किया




**जगदलपुर :-(इस्पात टाइम्स)** ।पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर आज बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें याद किया` भाजपा जिला कार्यालय में नगर मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्व.बाजपेयी के छायाचित्र में माल्यापर्ण व दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी` वक्ताओं ने अपने संबोधन में अटल बिहारी के जीवन में प्रकाश डाला और कार्यकताओं से उससे प्रेरणा लेने की बात कही ।

मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवनारायण पाण्डेय ने कहा कि अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण राजनीतिक जीवन प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिये ऐसी पुस्तक है, जिससे राष्ट्र की सतत सेवा, संगठन के लिये समर्पण व जनता जनार्दन के लिये निस्वार्थ सेवाकार्य का पाठ भाजपा कार्यकर्ता आत्मसात करें। श्रंद्धाजलि सभा को पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री किरण देव, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने भी संबोधित किया` कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री संग्राम सिंह राणा व आभार प्रदर्शन महामंत्री आर्येन्द्र सिंह आर्य ने किया` आयोजन में प्रमुख रुप से श्रीनिवास राव मद्दी, कमल चंद्र भंजदेव , योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, रजनीश पानीग्रही, नरसिंह राव,अवधूत जोशी, राजेंद्र बाजपेई,सुब्रतो बिस्वास, बी जयराम,शशि नाथ पाठक,आशुतोष पाल,प्रकाश झा ,राजपाल कसेर, आलोक अवस्थी, रिंकू पांडे, नरेंद्र पाणिग्रही, राजेश श्रीवास्तव, अतुल सिम्हा ,गणेश काले , अविनाश श्रीवास्तव , सुधा मिश्रा ,लक्ष्मी कश्यप, ममता पोटाई, शेखर शर्मा, रितेश सोनी, किशोर महावर, अनिल राव, मनोज पटेल,रूपेश कुमार जैन, सूर्य भूषण सिंह, प्रकाश झा, शेख सिद्दीकी,अनिमेष चौहान, दिनेश पांडे, योगेश शुक्ला, मनोज ठाकुर, योगेश पाणिग्रही, रमन चौहान, विनोद पांडे, अमरनाथ झा , विक्रम सिंह यादव, सुरेश कश्यप , सविंद्र सेठिया , रेदू नाग, रूपेश समरथ ,रमेश ठाकुर, भारत सिंह ठाकुर, विमल पांडे ,तुलाराम सेठिया , जीवनाथ मौर्य, महेश सेठिया, यजेंद्र सिंह, राकेश ठाकुर, चंद्रकांत भंडारी ,ओमप्रकाश गुप्ता, बलराम मौर्य, प्रेम यादव आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विस्फोटक के साथ 4 माओवादी गिरफ्तार, पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की थी तैयारी

**दंतेवाड़ा**। दंतेवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 माओवादियों को गिरफ्तार किया है। चारों माओवादी पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की फिराक में थे। आरोपियों के कब्जे से विस्फोटक, मोबाइल, नगदी सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। ये कार्रवाई दन्तेवाड़ा रेंज उक्र्रकमलोचन कश्यप सीआरपीएफ विकास कठेरिय के निर्देश पर एसपी गौरव राय (भा.पु.से.), सीआरपीएफ कमाण्डेड (231बटा.) सुरेन्द्र सिंह, अरढ आरके बर्मन के नेतृत्व में की गई।



दरअसल, 15 अगस्त को थाना दन्तेवाड़ा पुलिस को अवैध विस्फोटक पदार्थ परिवहन करने की सूचना मिली थी। जिस पर जिला बल व सीआरपीएफ 231 बटालियन के बल के साथ सूचना को तस्दीक करने पुलिस पार्टी मौके के लिए रवाना हुई। बस स्टैण्ड के अंदर चार संदिग्ध व्यक्ति दिखे, जिसमें से एक व्यक्ति के हाथ में ट्राली बैग तथा उसी के साथ खडे.तीन अन्य व्यक्तियों के पीठ में पीठू बैग रखे थे। पुलिस बल के द्वारा चारों को पकड़कर उनसे पूछताछ की गई। पकड़े गए आरोपियों में सुभाष कुमार कड़ती पिता स्व. मंगू कड़ती उम्र 21 वर्ष, निवासी डेगमेटा फुलगट्टा भैरमगढ़, जिला बीजापुर, मनोज कुमार ओयाम पिता कुमा ओयाम, उम्र 18 वर्ष, निवासी बेचापाल देवापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, रमेश कुमार ओयाम पिता मंगू ओयाम उम्र 18 वर्ष, निवासी बेचापाल गायतापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर एवं 1 संदेही विधि से संघर्षरत बालक है। चारों संदेहियों की तलाशी ली गई जिसमें सुभाष कुमार कड़ती के कब्जे से मोबाईल, एवं अपने पास रखे काला रंग के ट्राली बैग से 3 नग विस्फोटक स्ट्रीक, 1 नग टिफिन एवं दैनिक उपयोगी सामान मिला। मनोज कुमार ओयाम के कब्जे से मोबाईल, नगद 21,350/-रुपएं एवं अपने पास रखे पिट्ठू बैग से 2 नग विस्फोटक स्ट्रीक एवं दैनिक उपयोगी सामान, कब्जे से मोबाईल, नगद 35,650/-रुपए, पास रखे काला रंग के बैग में 2 नग विस्फोटक स्ट्रीक, 1 नग टिफिन एवं दैनिक उपयोगी सामान।

# पीस ऑडिटोरियम में वीर शहीदों को श्रद्धांजली देकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**भिलाई,**। शिव भगवानुवाचः "भारत जैसा पवित्र देश कोई होता नहीं !"इस भाव को स्पष्ट करते हुए भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन जी ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कहा कि यह भारत है जो स्वर्ग था ! जहाँ 2500 वर्ष कोई लड़ाई नहीं हुई थी। यही भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। तो ऐसी दुनिया अब हमें पुनः बनानी ही है ।इन प्रेरणादाई आशीर्वचनों के पश्चात भारत के लिए शहीद हुए महानात्माओं को 2 मिनट राजयोग द्वारा सारी सभा ने अपने शुभ संकल्पों की श्रद्धांजली देकर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी में देशभक्ति की ऊर्जा का संचार किया।



# रोटरी क्लब ने गोदग्राम धुरगुड़ा में मनाया स्वतंत्रता दिवस

## डीमरपाल अस्पताल में मरीजों के बीच दी सेवाएं सोमानी चैरिटेबल का किया सम्मान



**जगदलपुर -** ।रोटरी क्लब द्वारा गोदग्राम धुरगुड़ा में आजादी का उत्सव मनाया गया। कार्यकम की शुरूवात धूरगुडा स्कूल मे रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिनेश कागोत द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अपने उदबोधन मे दिनेश कागोत ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।क्लब से संग्राम सिंह राणा और विवेक जैन ने अपने भाषण में बच्चो को जीवन में अपने अपने फील्ड में अच्छे कार्य कर देश को मजबूत करने की बात कही ।

उसके बाद बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस आजादी के अवसर पर क्लब द्वारा बच्चो को मिठाई स्कूली पाठ्य सामग्री और खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों को साल और श्रीफल से सम्मानित किया गया ।उसके बाद क्लब सदस्यो द्वारा डीमरा पाल अस्पताल मे मरीजों और उनके परिजनो को रोटरी क्लब और सोमानी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से चलने वाले प्रॉजेक्ट आहार में भोजन कराया गया ।इस अवसर पर प्रोजेक्ट आहार में विशेष सहयोग हे तु सोमानी चैरिटेबल ट्रस्ट के श्याम सोमानी को सम्मानित किया गया ।इस मौके पर हनुमंत राव, भवर बोथरा,पुस्पी अग्रवाल, प्रकाश चावड़ा, दीपेश राजपुरिया,श्रीधर मद्दी ,कमलेश गोलछा,चंद्रेश छाजेड़ क्लब सचिव मनोज थॉमस सहित बड़ी संख्या में रोटरी और रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन विवेक सोनी ने किया।

# स्वरूपानंद में शान से लहराया तिरंगा राष्ट्रभक्ति गीत से गूंजा महाविद्यालय प्रांगण

**भिलाई**। स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ह्लराष्ट्र प्रथम, सर्वथा प्रथमह्व के थीम पर नृत्यनाटिका एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी श्री गंगाजली शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री आईपी मिश्रा ने ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा असंख्य लोगों के बलिदानों की वजह से हम अब आजाद भारत में सांस ले पा रहे है। युवाओं की जिम्मेदारी है इस स्वतंत्रता को सुरक्षित रखें उन्होंने विद्यार्थियों से कहा नौकरी ढूंढने के बजाय अपना व्यवसाय प्रारंभ करें उन्होंने कलकत्ता शहर का उदाहरण देते हुये कहा वहां हर घर में मशीन है, लोग घर में रहकर काम करते है। यह हमें सिखना चाहिये नौकर के बदले मालिक बनने का सोचे।



कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रूप में शंकराचार्य नर्सिंग महाविद्यालय की सीओओ डॉ. मोनिषा शर्मा शंकराचार्य कैम्पस की संरक्षिका श्रीमती सविता मिश्रा, स्वरूपानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला, जगदगुरू शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. व्ही. सुजाता, नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीना सिंग राजपूत, शंकराचार्य विद्यालय के प्राचार्य श्री अमिताभ दास उपस्थित हुये।

# 9वीं की छात्रा ने की खुदकुशीः छींटाकशी से तंग आकर बेटी ने खाया जहर

**कवर्धा**। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में छींटाकशी से तंग आकर 14 वर्षीय नवमी की छात्रा ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली. इलाज के दौरान रायपुर में छात्रा की मौत हुई है. पुलिस ने 3 छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. वहीं प्रिंसिपल पर भी कार्रवाई की मांग की जा रही है.

बताया जा रहा है कि जहर खाने से पहले प्रिंसिपल से की शिकायत थी, लेकिन प्रिंसिपल ने लापरवाही दिखाई. अब परिजन मौत के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ गए हैं. वहीं परिजनों ने चौकी प्रभारी पर प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट न लिखने का आरोप लगाया है. पुलिस मामले में अनजान बनी रही.

बता दें कि 9वीं क्लास की छात्रा की मौत के बाद अइश्ढ के कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने दशरंगपुर चौकी के सामने ठल्ञ 30 रायपुर जबलपुर मार्ग को जामकर दिया था. इसमें सांसद संतोष पांडेय ने उचित कार्रवाई और मृत बच्ची के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि देने की मांग की थी.साथ ही निषाद समाज के अध्यक्ष प्रदीप केवर्थ समेत भारी संख्या में कार्रवाई के लिए रढ के नाम ज्ञापन सौंपकर एडिशनल रढ हरीश राठौर से मुलाकात की थी. पूरा मामला दशरंगपुर का है.

# कांग्रेस में टिकट बंटवारा पर मंथन, नहीं चलेगा नेताओं का कोटा

## बताना पड़ेगा आपने क्या किया, 17 अगस्त तक भरे जाएंगे फॉर्म

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक में प्रत्याशियों के चयन को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने दो टूक में कह दिया है कि किसी भी प्रत्याशी के आवेदन पार्टी के बड़े नेता या फिर चुनाव समिति के सदस्यों से स्वीकार नहीं किए जाएंगे, बल्कि उम्मीद्वारों को 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ही टिकट के लिए आवेदन करना होगा।

15 अगस्त को आधी रात करीब साढ़े 12 बजे तक चली कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में ये फैसला लिया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, चुनाव समिति और पीसीसी के अध्यक्ष दीपक बैज, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और स्पीकर चरणदास महंत समेत समिति में शामिल 8 मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे।पहली बैठक में दावेदारों के आवेदन की प्रक्रिया को लेकर ही फैसला लिया गया है। बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया कि सीएम भूपेश बघेल जो पिछले चुनाव में पीसीसी अध्यक्ष थे और टीएस सिंहदेव जो सीएलपी लीडर रहे है, उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। क्योंकि इस समय कांग्रेस सत्ता में है और मौजूदा हालात में किस तरह काम करना है, इस पर बैठक में चर्चा की गई है।वहीं उम्मीद्वारों के लिए तय किए गए क्राइटेरिया को लेकर सैलजा ने कहा कि सभी की राय यही थी कि दो चीजें होनी चाहिए पार्टी और नेतृत्व के प्रति निष्ठा और दूसरा जीतने वाला कैंडिडेट होना चाहिए।



स्पीकर चरणदास महंत, मंत्री ताम्रध्वज साहू, एमएलए सत्यनारायण शर्मा, मंत्री अनिला भेड़िया, मोहन मरकाम, गुरु रूद्र कुमार और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम बैठक में मौजूद। स्पीकर चरणदास महंत, मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक सत्यनारायण शर्मा, मंत्री अनिला भेड़िया, मोहन मरकाम, गुरु रूद्र कुमार और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम बैठक में मौजूद।

टिकट के दावेदार लगातार राजीव भवन और चुनाव समिति के पदाधिकारियों के निवास पर पहुंचकर अपना बायोडाटा जमा कर रहे थे। इस दौरान कई नेता प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा समेत बाकी मंत्रियों और नेताओं को अपना आवेदन सौंप रहे थे लेकिन बैठक में ये तय हो गया है कि नामों की सूची ब्लॉक स्तर से ही आएगी।

## स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद जारी होगी पहली सूची

17 अगस्त से शुरू हो रही आवेदन प्रक्रिया को लेकर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है, चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को अपना पूरा ब्यौरा देना होगा कि अब तक उन्होंने कौन से काम किए हैं। उन्होंने कहा कि आवेदनों की छंटनी हमेशा से ही होती आई है और इस बार भी होगी। ब्लॉक और जिला के बाद इस प्रदेश इलेक्शन कमेटी ही देखती है, इसके बाद सेंट्रल इलेक्शन कमिटी तक जितने भी आवेदन और उनके साथ ब्लॉक, जिला और इलेक्शन कमेटी की सिफारिश भेजी जाएंगी। तब नाम तय किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी और उस बैठक के बाद कोशिश होगी की कुछ नाम पहले जारी किए जाएं।

## टीएस सिंहदेव ने कहा नेताओं का कोटा नहीं चलेगा, जिताऊ कैंडिडेट को मिलेगा टिकट

चुनाव समिति की बैठक में शामिल डिप्टी सीएम ळर सिंहदेव ने कहा कि टिकट के मामले में नेताओं का कोई कोटा नहीं रहेगा। इससे पहले भी केवल एक ही क्राइटेरिया रखा गया था कि विनिंग कैंडिडेट हो। वो कौन और किस नेता से जुड़ा है ये मायने नहीं रखता। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि किसी उम्मीदवार को केवल इसलिए टिकट नहीं दी जानी चाहिए कि वह टीएस सिंहदेव से जुड़े हुए हैं बल्कि उन्हें दिया जाना चाहिए जो जीत सकते हैं।

दावेदारों की लंबी फेहरिस्त को लेकर टीएस सिंहदेव ने कहा कि जिन विधानसभा सीटों में ज्यादा दावेदार होते हैं,वहां जीत इतनी मुश्किल होती है।

वहीं नए चेहरों को लेकर कहा कि पिछली बार सारी पार्टियों को मिलाकर 52 नए चेहरों को जीत मिली थी, इसलिए चुनाव में नए चेहरों को भी मौका दिया जाना चाहिए।

# दिल्ली-एनसीआर में पहली छमाही में गोदाम, लॉजिस्टिक स्थल के किराए में 4% की वृद्धि

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के आसपास गोदाम एवं लॉजिस्टिक केंद्रों का औसत मासिक किराया चालू कैलेंडर साल के पहले छह महीनों में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 22.5 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी वेस्टियन की बुधवार को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र में पट्टे पर दिए गए गोदामों और लॉजिस्टिक केंद्रों का क्षेत्रफल जनवरी-जून, 2023 की अवधि में 68 प्रतिशत उछलकर 47 लाख वर्ग फुट हो गया। साल भर पहले की समान अवधि में यह 28 लाख वर्ग फुट था।



रिपोर्ट के मुताबिक, देश के सात प्रमुख बाजारों में से दिल्ली-एनसीआर में सबसे ज्यादा औसत मासिक किराया रहा है। यह एक साल पहले की पहली छमाही में 21.6 रुपए प्रति वर्ग फुट था जो इस साल 22.5 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गया। बेंगलुरु 22 रुपए प्रति वर्ग फुट की दर के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि पुणे 21.9 रुपए प्रति वर्ग फुट के भाव के साथ उससे थोड़ा ही पीछे है। इसके बाद हैदराबाद, चेन्नई और मुंबई के बाजार हैं। कोलकाता 18.2 रुपए प्रति वर्ग फुट की दर के साथ सबसे पीछे है।

वेस्टियन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास राव ने कहा, भारत का गोदाम एवं लॉजिस्टिक क्षेत्र वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच मजबूत एवं टिकाऊ बुनियाद के दम पर आगे बढ़ रहा है। संपर्क सुविधाओं के विस्तार और परिवहन में लगने वाले समय को कम करने के लिए देशभर में कई विशाल ढांचागत परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।" रिपोर्ट कहती है कि गोदाम एवं लॉजिस्टिक केंद्रों के इन प्रमुख बाजारों में दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी बढ़कर पहले छह महीनों में 31 प्रतिशत हो गई जबकि साल भर पहले यह 21 प्रतिशत पर थी। यह दशार्ता है कि दिल्ली, नोएडा एवं गुरुग्राम में गोदामों एवं लॉजिस्टिक केंद्रों की मांग बड़ी तेजी से बढ़ रही है।

## तेजस नेटवर्क को टीसीएस से मिला 7000 करोड़ से अधिक का ऑर्डर




**नई दिल्ली।** टाटा समूह का हिस्सा तेजस नेटवर्क, जो वायरलेस नेटवर्किंग उत्पादों का डिजाइन और निर्माण करता है,उसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज से 4जी और 5जी उपकरण के लिए 7,492 करोड़ रुपए का खरीद ऑर्डर मिला है। अगर आसान शब्दों में कहें तो तेजस नेटवर्क इंटरनेट सर्विस को ऑप्टिल फाइबर से घर घर पहुंचाने और ऑफिस में स्पीड फास्ट करने का काम कंपनी करती है।

तेजस कंपनी ने बताया कि उसने बीएसएनएल के अखिल भारतीय 4जी/5जी नेटवर्क के लिए अपने रेडियो एक्सेस नेटवर्क (फ्नअठ) उपकरण की आपूर्ति, सपोर्ट और मेंटिनेंस सर्विसेज के लिए ळवर के साथ एक मास्टर कॉन्ट्रैक्ट किया है टीसीएस से 7,492 करोड़ रुपए के खरीद ऑर्डर के हिस्से के रूप में, तेजस 100,000 साइटों के लिए उपकरणों की आपूर्ति करेगा। तेजस नेटवर्क के सीईओ और प्रबंध निदेशक आनंद अत्रेय ने कहा, ह्वबेसबैंड और रेडियो उत्पादों का हमारा अत्याधुनिक पोर्टफोलियो बीएसएनएल को एक स्केलेबल और लागत प्रभावी नेटवर्क शुरू करने में सक्षम करेगा जो विश्व स्तरीय प्रदर्शन और गुणवत्ता मानकों को पूरा करता है। यह वायरलेस और वायरलाइन पेशकशों के एंड-टू-एंड सूट के साथ भारत की पहली वैश्विक स्तर की दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद कंपनी बनाने के हमारे मिशन को भी आगे बढ़ाता है। तेजस ने कहा कि इस सौदे को मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अपने शेयरधारकों से आवश्यक मंजूरी मिल गई है। तेजस नेटवर्क 75 से अधिक देशों में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, उपयोगिताओं, रक्षा और सरकारी संस्थाओं के लिए वायरलेस और वायरलेस नेटवर्किंग उत्पाद बनाती है।

# विश्वकर्मा योजना को मिली मंजूरी, 100 शहरों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार (16 अगस्त) को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पीएम ई-बस सेवा (ढट-ड्इ४र रीए) को मंजूरी दे दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के 100 शहरों में ई-बस चलाने की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस पर 57,613 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। देश भर में लगभग 10,000 नई इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। 57,613 करोड़ रुपए में से 20,000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी। बाकी की धनराशि राज्य सरकारें उपलब्ध कराएंगी। इस योजना से 10 सालों के लिए बस ऑपरेटर्स को सपोर्ट किया जाएगा।

### पीएम ई-बस सेवा को मजूंरी

अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये योजना 3 लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी। इस योजना के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (ढढढ) मॉडल पर 10,000 ई-बसों के साथ सिटी बस संचालन किया जाएगा। ये योजना 10 वर्षों तक बस संचालन का समर्थन करेगी।

### विश्वकर्मा योजना भी हुई मंजूर

वहीं केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी। कैबिनेट ने 13,000 करोड़ रुपए की विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दी है।

### 30 लाख शिल्पकार परिवारों को लाभ होगा

उन्होंने कहा कि इससे शिल्पकारों को 1 लाख रुपये तक का लोन 5 प्रतिशत पर दिया जाएगा। विश्वकर्मा योजना से 30 लाख शिल्पकार परिवारों को लाभ होगा। छोटे-छोटे कस्बों में अनेक वर्ग ऐसे हैं जो गुरु-शिष्य परंपरा के तहत कौशल से जुड़े कार्यों में लगे हैं। इनमें लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूल का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि शामिल हैं।

## मानसून, औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती से अगस्त के पहले पखवाड़े में घटी पेट्रोल-डीजल की मांग

नई दिल्ली। भारत में पेट्रोल और डीजल की खपत अगस्त के पहले पखवाड़े में घटी है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मानसून की वजह से आवाजाही प्रभावित होने तथा औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती की वजह से वाहन ईंधन की मांग में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। आमतौर पर मानसून के चार माह के दौरान ईंधन की खपत कम रहती है। देश में सबसे अधिक इस्तेमाल वाले ईंधन डीजल की खपत एक से 15 अगस्त के दौरान 5.7 प्रतिशत घटकर 26.7 लाख टन रह गई है। जुलाई के पहले पखवाड़े में भी ईंधन की खपत में भारी गिरावट आई थी। हालांकि, दूसरे पखवाड़े में मांग कुछ सुधरी थी। मासिक आधार पर देखा जाए, तो डीजल की बिक्री में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। जुलाई के पहले पखवाड़े में डीजल की बिक्री 29.5 लाख टन रही थी। डीजल की बिक्री आमतौर पर मानसून के महीनों में गिर जाती है क्योंकि बारिश के कारण कृषि क्षेत्र की मांग घट जाती है। अप्रैल और मई में डीजल की खपत क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी। इसकी वजह यह है कि उस समय खेती के लिए डीजल की मांग में उछाल आया था। पेट्रोल की मांग भी अगस्त के पहले पखवाड़े में पिछले साल की समान अवधि से आठ प्रतिशत घटकर 11.9 लाख टन रह गई है। जुलाई के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की खपत में 10.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी लेकिन दूसरे पखवाड़े में बिक्री में सुधार आया था।

## एसबीएफसी फाइनेंस का शेयर निर्गम मूल्य पर 44% की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली.** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीएफसी फाइनेंस लि. का शेयर बुधवार को शेयर बाजारों में अपने निर्गम मूल्य पर करीब 44 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 57 रुपए पर 43.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81.99 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.67 रुपए पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर 43.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। सुबह के कारोबार में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 9,560.87 करोड़ रुपए था। एसबीएफसी फाइनेंस के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 75.80 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 1,025 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 54-57 रुपए प्रति शेयर था।

## फॉक्सकॉन ने भारत में शुरू किया आईफोन 15 का उत्पादन, सितंबर में हो सकता है लॉन्च

**नई दिल्ली।** ऐपल की सप्लायर कंपनी फॉक्सकॉन ने भारत के अपने तमिलनाडु प्लांट में आईफोन 15 का उत्पादन शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फॉक्सकॉन कुछ ही हफ्ते में नए डिवाइस की डिलीवरी करने की तैयारी में है। भारत में आईफोन के उत्पादन का पैमाना काफी हद तक उन पार्ट्स की उपलब्धता पर निर्भर करेगा जो बड़े पैमाने पर आयात किए जाते हैं। उत्पादन में तेजी लाने के लिए चेन्नई स्थित प्लांट में प्रोडक्शन लाइनें बढ़ा दी गई हैं। कंपनी 12 सितंबर, 2023 को नए आईफोन 15 सीरीज की घोषणा कर सकता है।




रिपोर्ट के मुताबिक, फॉक्सकॉन द्वारा लगभग 3,300 करोड़ रुपए के निवेश के साथ हैदराबाद प्लांट में दिसंबर 2024 तक बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन शुरू करने का अनुमान है। मामले के जानकार लोगों ने बताया कि भारत में अन्य एप्पलआपूर्तिकर्ता-पेगाट्रॉन कॉर्प और एक विस्ट्रॉन कॉर्प फैक्ट्री, जिसे टाटा समूह द्वारा अधिग्रहित किया जा रहा हैझ भी जल्द ही आईफोन 15 को असेंबल करेंगे।हालांकि इस मामले में अस्सस्त्री के प्रवक्ता और विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वहीं फॉक्सकॉन ने भी कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। अस्सस्त्री ने अपने ताइवानी आपूर्तिकताओं के माध्यम से भारत में लगातार विस्तार किया है और अधिक उच्च-स्तरीय विनिर्माण लाने के लिए मोदी प्रशासन के कुछ वित्तीय प्रोत्साहनों से लाभान्वित हुआ है।

# 'टाइगर 3' का क्रिस्टोफर नोलन से क्या है खास कनेक्शन? जानकर आप भी रह जाएंगे हैरान

किसी का भाई किसी की जान के बाद से ही सलमान खान के फैंस अपने फेवरेट सितारे की फिल्म 'टाइगर 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के मेकर्स लोगों का उत्साह बनाए रखने के लिए समय-समय पर इससे जुड़े अपडेट्स से लोगों को रूबरू करा रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि यशराज फिल्म्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म के लिए हॉलीवुड एक्शन डायरेक्टर मार्क सिजाक को टीम में शामिल किया है। मार्क ने पहले क्रिस्टोफर नोलन के साथ डनकर्क और द डार्क नाइट राइजेज जैसी फिल्मों में काम किया है। इस बारे में एक सूत्र ने कहा, ''अगर आप टाइगर 3 में एक्शन निर्देशकों की लाइन-अप को देखेंगे, तो आपको एहसास होगा कि निमार्ता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक मनीष शर्मा इस फिल्म से क्या चाहते हैं। वे दर्शकों को एक धमाकेदार एक्शन एंटरटेनर देना चाहते हैं, क्योंकि हॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ नाम अब इस फिल्म का हिस्सा हैं। मार्क सिजाक, जो पहले क्रिस्टोफर नोलन के साथ काम कर चुके हैं, भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म का स्केल एपिक होने वाला है।'' मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी बात सामने आई है कि हॉलीवुड एक्शन कोऑर्डिनेटर क्रिस बार्न्स, भी 'टाइगर 3' का हिस्सा हैं। वह मार्वल की सुपरहिट फिल्म एवेंजर्सः एंडगेम पर काम में कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख खान का कैमियो है। हालांकि, सभी को इसकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।




# ट्रोल हुईं सुहाना



**शाहरुख** खान की लाडली बेटी सुहाना खान जल्द ही फिल्मी डेब्यू करने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'द आर्चीज' है, जो कि इसी साल रिलीज हो रही है। मल्टीपल स्टारकिड्स से सजी इस मूवी को जोया अख्तर ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की रिलीज डेट में कुछ ही महीनों का वक्त बचा है। ऐसे में सभी स्टार किड्स ने इसका प्रमोशन शुरू कर दिया है। हाल ही में 'द आर्चीज' कास्ट का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह स्वतंत्रता दिवस के दिन लोगों को सर्व करते नजर आए। इस काम के लिए टीम की तारीफ से ज्यादा कमेंट्स पास किए गए हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सुहाना खान, खुशी कपूर और 'द आर्चीज' की बाकी कास्ट को मुंबई के एक रेस्तरां में फूड सर्व करते देखा गया। खुशी और अदिती को छोड़ बाकी सबने व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी थी। इस दौरान सभी ने वहां आए लोगों को खाना खिलाया। सुहाना वड़ा पाव खिलाया, तो बाकी लोगों ने सब्जी सर्व की। वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वैसे ही कमेंट सेक्शन में ट्रोल करने वालों ने टिप्पणी करना शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, 'किसी अनाथ आश्रम में खाना खिलाना चाहिए था। हेल्दी और अमीर लोगों को खिलाया जा रहा है, लेकिन जरूरतमंदों और गरीब लोगों को नहीं। आर्चीज को प्रमोट करने के लिए यह सारा ड्रामा किया जा रहा है।'' एक अन्य ने कमेंट किया, 'पैसे वालों को खिलाने में क्या खिलाना। खिलाना ही है तो गरीबों को खिलाओ।' एक यूजर ने कमेंट किया, 'ये अंबानी के पोते की शादी में खाना खिलाने के लिए अभी से प्रैक्टिस कर रहे हैं क्या?'

# 'वेलकम 3' में हुई सुनील शेट्टी की एंट्री

**फिल्म** 'वेलकम 3' का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है। इस फिल्म से जुड़ी अब एक नई अपडेट सामने आई है। फिल्म में अक्षय कुमार, संजय दत्त और अरशद वारसी नजर आएंगे, यह तो स्पष्ट हो चुका है। अब एक और स्टार के इस फ्रेंचाइजी से जुड़ने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में सुनील शेट्टी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि सुनील शेट्टी 'वेलकम 3' में एक पावरफुल और महत्वपूर्ण रोल अदा करते दिखेंगे। बता दें कि फिरोज नाडियाडवाला और अक्षय कुमार से सुनील शेट्टी की काफी अच्छी बॉन्डिंग है। जब उनके पास 'वेलकम 3' में काम करने का मौका आया तो वह तुरंत राजी हो गए। इसे लेकर सुनील शेट्टी काफी उत्साहित हैं। वह फिल्म में ऐसा रोल अदा करेंगे, जो इस फ्रेंचाइजी में पहले कभी नहीं देखा गया।



# 'पठान' का रिकॉर्ड तोड़ सकती है 'गदर-2'

**सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म 'गदर-2' रिलीज के सिर्फ पांच दिनों के भीतर 228 करोड़ 9 लाख रुपए का बिजनेस करने में कामयाब रही है, लेकिन अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' के बिजनेस को बीट करने में कामयाब होगी? मालूम हो कि शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543 करोड़ रुपए का लाइफटाइम बिजनेस किया था। ट्रेड विशेषज्ञ कोमल न्हाटा के मुताबिक इस बात की 95 प्रतिशत संभावनाएं हैं कि 'गदर-2' शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' के लाइफटाइम कलेक्शन को बीट कर सकती है।**





मालूम हो कि शाहरुख खान की 'पठान' तकरीबन 2 महीने तक बॉक्स ऑफिस पर टिकी रही थी। एक तरफ जहां कोमल न्हाटा ने 'गदर-2' के 'पठान' को बीट करने की काफी संभावनाएं बताई हैं, वहीं दूसरी तरफ ट्रेड विशेषज्ञ गिरीश जौहर का कहना है कि अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने बताया कि 'गदर-2' सिर्फ 5 दिन में 228 करोड़ का बिजनेस करने में कामयाब रही है जो कि एक शानदार आंकड़ा है, लेकिन स्क्रीन प्रेजेंस के मामले में 'पठान', 'गदर-2' से कहीं आगे थी।
फिल्म की कमाई के मामले में कोमल न्हाटा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि रिव्यू उतना मायने रखते हैं। रिव्यू यह तय नहीं करते कि फिल्म लोगों को पसंद आएगी या नहीं। कई बार तो पब्लिक को इससे फर्क भी नहीं पड़ता है। मुझे लगता है कि अगर उन्हें फिल्म पसंद आती है तो वह इसे देखने जाते हैं। ट्रेड विशेषज्ञ अक्षय राठी ने कहा- जिस रफ्तार से यह आगे बढ़ रही है, गदर-2 आराम से पठान और तमाम अन्य फिल्मों के बिजनेस को बीट कर सकती है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com